बिहार लोकसभा चुनाव

चर्चा में क्यों?

लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 के चौथे चरण में **बिहार में पाँच निर्वाचन क्षेत्रों में 54% से अधिक मतदान** दर्ज किया गया।

मुख्य बिंदु:

- सबसे अधिक मतदान प्रतिशत **बेगुसराय में 58.40%** दर्ज किया गया, इसके बाद **समस्तीपुर में 58.10%**, **दरभंगा में 56.63%**, **उजियारपुर में 56%** और **मुंगेर में 55%** मतदान हुआ।
- राज्य में चौथे चरण के मतदान के दौरान 5,398 मतदान केंद्रों पर 95.85 लाख से अधिक मतदाताओं द्वारा वोटिंग/मतदान के माध्यम से 55 उम्मीदवारों के भविष्य का निर्णय लिया गया।

भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) द्वारा प्रदत्त तथ्य और आँकड़े

- लोकसभा चुनाव-2024 सात चरणों में आयोजित होगा।
- लोकसभा 2024 चुनाव में **कुल 96.8 करोड़ मतदाता** मतदान करेंगे।
- लोकसभा चुनाव- 2024 में **पहली बार मतदान करने वाले नागरिकों की संख्या 1.8 करोड़** और **20-29 वर्ष की आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 19.47 करोड़** हैं।
- **12 राज्यों में महिला मतदाताओं** का **अनुपात** पुरुष मतदाताओं से **अधिक** है।
  - वर्ष 2024 के आम चुनाव में **पहली बार मतदान करने वाली महिला मतदाताओं** की संख्या 85 लाख से अधिक है।
- **अनुच्छेद 370** के निरस्तीकरण, अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के निर्माण और **नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019** के कार्यान्वयन जैसी ऐतिहासिक घटनाओं के बाद यह पहला आम चुनाव होगा।
- **आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा** और **सिक्किम** राज्यों में विधान सभा चुनाव आम चुनाव के साथ-साथ 16 राज्यों में 35 सीटों के लिये उपचुनाव भी होंगे।
- **वर्ष 2024 के आम चुनाव**, जिसे लोकसभा चुनाव- 2024 के रूप में भी जाना जाता है, **का परिणाम 4 जून 2024 को घोषित** किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-lok-sabha-elections